पंजाब केसरी (Punjab Kesari)

दिनांक (Dated): 24/12/2024	पृष्ठ सं० (Page No). 07	क्रम सं०(Serial No.) 07

सीआईएसएफ ने जारी की नई पोस्टिंग नीति

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी) : केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने अपनी नई पोस्टिंग और स्थानांतरण नीति की घोषणा की है, जो बल के 1.94 लाख से अधिक सदस्यों के लिए महत्वपूर्ण बदलाव लेकर आई है। यह नई नीति बल को उभरती सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने के लिए बेहतर कौशल, ज्ञान और तकनीकी क्षमता से सुसज्जित करने के उद्देश्य से तैयार की गई है। सीआईएसएफ में पहली बार 10 से अधिक विशिष्ट क्षेत्र में डोमेन विशेषज्ञों का एक पूल तैयार किया जाएगा। यह

पहल बल को वैश्विक सुरक्षा मानकों के करीब लाने और उन्नत तकनीक जैसे ड्रोन खतरे, आईटी समाधान और विमानन सुरक्षा में विशेषज्ञता विकसित करने के लिए की गई है। यही नहीं सीआईएसएफ के इतिहास में पहली बार, पसंद-आधारित पोस्टिंग प्रणाली लागू की गई है। हर बल सदस्य को 10 पसंदीदा स्थानों को चुनने का विकल्प मिलेगा। सेवानिवृत्ति के करीब कर्मियों को तीन पसंदीदा स्थानों में एक पर तैनाती दी जाएगी, जिससे उनके निजी और पारिवारिक जीवन को संतुलित करने में मदद मिलेगी।